# भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**सख्त रुख**

8 गड़बड़ी करने वाला भले ही कोई व्यक्ति कितना बड़ा क्यों न हो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार में शत्रु संपत्ति को खुर्द बुर्द करने के मामले में एसडीएम सहित 28 लोगों के खिलाफ विजिलेंस के मुकदमा दर्ज किए जाने से जहां पीसीएस अधिकारी संवर्ग में हड़कंप मचा हुआ है वहीं विजिलेंस कार्रवाई को लेकर उनमें भारी आक्रोश है।
दूसरी तरफ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक बार फिर भ्रष्टाचार के मामले में सख्त रुख दिखाते हुए कहा है कि गड़बड़ी करने वाला भले ही कोई व्यक्ति कितना भी बड़ा क्यों न हो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
विजिलेंस के इस भ्रष्टाचार के मामले में अधिनियम 1988 के तहत थाना सतर्कता देहरादून शाखा में एसडीएम और 10 रजिस्ट्री अफसरों और लोक सेवकों व चार अधिवक्ताओं सहित 28 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। 15-16 साल पुराने इस मामले में ज्वालापुर (हरिद्वार) में 21 बीघा जमीन को अवैध रूप से बेचे जाने का आरोप है, जो वास्तव में शत्रु संपत्ति है। जब यह गड़बड़ी सामने आई तो इसकी जांच का काम विजिलेंस को सौंपा गया था। इस मामले की जांच की गई तो पता चला कि सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की सांठगांठ से इस भूमि को बेच दिया गया था, जो हजारों करोड़ की है। केंद्र सरकार की संपत्ति को अवैध रूप से बेचने के इस मामले में अब 28 लोगों के नाम मुकदमा दर्ज होने पर इसलिए हड़कंप मचा हुआ है, क्योंकि इस मामले में तत्कालीन एसडीएम हरवीर सिंह के अलावा कानूनगो और पटवारी सहित 10 लोक सेवकों के नाम शामिल हैं। वही चार सरकारी अधिवक्ता भी इस मामले में आरोपित हैं।
शनिवार को जब इस मामले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से पूछा गया तो उनका कहना है कि गड़बड़ी करने का कोई भी आरोपित चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो? उसके खिलाफ कार्रवाई ही नहीं की जाएगी बल्कि कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने पहले भी तमाम ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई कर यह संदेश दिया है कि भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# विजय दिवस के रूप में 1971 के युद्ध की मनाई 52वीं वर्षगांठ

**विजय दिवस**

8 सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि देने के लिए हर साल विजय दिवस मनाया जाता है।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए कर्तव्य के पथ में सर्वोच्च बलिदान देने वाले हमारे बहादुरों को श्रद्धांजलि देने के लिए हर साल विजय दिवस मनाया जाता है। दिसंबर 1971 के 16वें दिन, तत्कालीन सीओएएस जनरल एसएफएचजे मानेकशॉ के गतिशील नेतृत्व में भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी सेना को करारी शिकस्त दी और बांग्लादेश के नए देश के गठन के लिए पूर्वी पाकिस्तान की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त किया। राष्ट्र अपने सैनिकों के दृढ़ संकल्प और अद्वितीय साहस को सम्मानित करता है जिन्होंने 1971 के युद्ध में इस अभूतपूर्व जीत को हासिल करने के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। मुख्यालय उत्तराखंड सब एरिया ने शनिवार को विजय दिवस की 52वीं वर्षगांठ मनाई और इस महत्वपूर्ण अवसर का उत्सव मनाने के लिए शौर्य स्थल पर पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया।लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त), उत्तराखंड के राज्यपाल, मेजर जनरल आर प्रेम राज, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, उत्तराखंड सब एरिया, रियर एडमिरल एलएस पठानिया, भारतीय नौसेना और वरिष्ठ पूर्व सैनिकों ने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।

## राज्यपाल ने अर्पित किए पुष्प चक्र

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने शनिवार को विजय दिवस के अवसर पर शौर्य स्थल, देहरादून में मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले शहीदों के सम्मान में पुष्प चक्र अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विजय दिवस भारतीय सेना के साहस, वीरता, शौर्य तथा पराक्रम का प्रतीक है। राज्यपाल ने कहा कि 16 दिसंबर 1971 का दिन भारत के इतिहास में वह गौरवशाली क्षण था जब हमारे वीर सैनिकों ने अपने शौर्य, पराक्रम और बलिदान से एक नई गाथा लिखी थी। इस युद्ध के दौरान देश के सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित की गई असाधारण वीरता को देश कृतज्ञता के साथ याद करता है।

# गुरु राम राय विश्वविद्यालय ने किया एलुमनी मीट 2023 का आयोजन

**एलुमनी मीट**

8 एलुमनी मीट में पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने सहपाठियों से मिलकर पुरानी यादों को याद किया



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की तरफ से एलुमनी मीट 2023 का आयोजन किया गया। एलुमनी मीट में पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने सहपाठियों से मिलकर पुरानी यादों को याद किया और खुशी के पल बिताए। कई छात्र-छात्राएं सालों बाद अपने साथियों से मिलकर भावुक हुए। शनिवार को आयोजित इस एलुमनी मीट कार्यक्रम में श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्रीमहंत देवेन्द्र दास ने छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. डॉ. यशवीर दीवान और कुलसचिव प्रो.डॉ. अजय कुमार खडूड़ी ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीन स्कूल ऑफ मैनेजमैंट प्रो.डॉ. पूजा जैन ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुति में पूर्व छात्र-छात्राओं ने नाच-गानों के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया।
कार्यक्रम में पूर्व छात्र-छात्राओं ने मंच पर आकर अपने अनुभवों एवं अपने दैनिक दिनचर्या के बारे में बताया। कार्यक्रम के समापन में डीन एकेडमिक्स प्रो.डॉ. कुमुद सकलानी ने प्रेरणादायक भाषण से छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया। प्रो.डॉ. दीपक साहनी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। एलुमनी मीट 2023 के कार्यक्रम में डॉ. विपुल जैंन, डॉ. बिन्सी पोथन, डॉ. दिव्या वर्मा, डॉ. कनिका रावत, डॉ. सोनिया गंभीर, डॉ. ममता बंसल सहित विभाग के अन्य विभागों के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रा का शव जंगल से पुलिस ने जली हालत में किया बरामद

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
थाना मुनि की रेती क्षेत्र अंतर्गत ढलवाला से पिछले 12 दिनों से गायब छात्र की लाश को पुलिस ने जंगल से बरामद कर लिया है।
थाना प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि विगत चार दिसंबर को ढालवाला से एक छात्रा अचानक लापता हो गई थी, जिसके परिजनों ने ढालवाला पुलिस चौकी पर गुमशुदगी दर्ज कराई थी, तभी से पुलिस मामले की जांच में जुटी थी। उन्होंने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का बताया जा रहा था छात्र की मुलाकात मोबाइल से गुमशुदगी के दिन प्रताप नगर निवासी एक लड़के से भी हुई थी। इसके संबंध में शनिवार के दोपहर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ऋषिकेश वन विभाग क्षेत्र अंतर्गत देहरादून रोड पर जंगल के अंदर एक छात्रा की लाश जली हालत में पड़ी है।
छात्रा की लाश के पास जले हुए पत्ते भी मिले। मामला प्रेम प्रसंग से भी जुड़ा है प्रथम दृष्टया पुलिस मामले को हत्या से जोड़कर चल रही है।
बताया जा रहा है, कि 4 दिसंबर को छात्रा ढालवाला से लापता हो गई थी। इसकी गुमशुदा की रिपोर्ट परिवार जनों ने पुलिस चौकी ढालवाला में लिखवाई है।
बताया जा रहा है कि छात्रा का प्रताप नगर, लंबगांव के रहने वाले लड़के से प्रेम प्रसंग चल रहा था। घटना वाले दिन युवक की बात छात्रा से फोन पर कई बार हुई है। छात्रा यहां अपनी बुआ के यहां रहती थी। जबकि माता-पिता किराए के मकान में ढालवाला में रहते थे। परिवार जनों ने छात्रा की हत्या की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच में जुट गई है। सूचना पर नरेंद्र नगर के पुलिस क्षेत्राधिकारी शिल्पी और थाना प्रभारी रितेश शाह मौके पर पहुंचे हैं।

### रिलायंस शोरूम का मुख्य आरोपित प्रिंस कुमार गिरफ्तार

**देहरादून**
रिलायंस शोरूम लूट प्रकरण के आरोपी दो लाख के इनामी प्रिंस कुमार को ट्रांजिट रिमांड पर देहरादून लाया गया है। अभियुक्त बिहार जेल से संचालित होने वाले डकैती गिरोह का मुख्य सदस्य और सांगली महाराष्ट्र के रिलायंस ज्वैलरी शोरूम के 14 करोड़ की डकैती के प्रकरण में भी वांछित है। इस प्रकरण में अब तक 10वीं गिरफ्तारी की गई है।
शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि 9 नवंबर को हुई रिलायंस ज्वैलरी शोरूम डकैती के मुख्य आरोपित प्रिंस कुमार को वैशाली बिहार से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर देहरादून लाया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त प्रिंस कुमार ने बताया कि बिहार जेल में बंद अभियुक्त शशांक और सुबोध के कहने पर उसने अपने अन्य साथियों अभिषेक, विक्रम, राहुल व अविनाश के साथ 9 नवंबर को रिलायंस शो रूम में डकैती की। इस लूट के लिए गैंग के अन्य साथियों अभिषेक, विक्रम, राहुल व अविनाश के साथ बिहार से सहारनपुर आया।सहारनपुर में अभियुक्त प्रिंस व अभिषेक उतर गये व अन्य अभियुक्त अम्बाला चले गये थे। वह आरोपित अभिषेक के साथ आकर अनिल गेस्ट हाउस में रुका व अपने गैंग के अन्य साथियों से प्राप्त मोटर साइकिल व आर्टिगा कार के साथ 9 नवंबर की सुबह रिलायंस शोरूम में घटना करने के पश्चात घटना में लूटी गई ज्वैलरी से भरे बैग को राहुल व अविनाश की मोटर साइकिल में रखवाकर सहसपुर क्षेत्र में पहुंचे। पुलिस की सघन चेकिंग की जानकारी मिलने पर घटना में शामिल कार और दोनों मोटर साइकिलों को जगंल में छोडकर प्रिंस ई-रिक्शा की सहायता से पांवटा साहिब की तरफ चला गया गया। पांवटा साहिब से राहुल व अविनाश ज्वैलरी लेकर चले गये विक्रम और अभिषेक अलग-अलग माध्यमों से बिहार पहुंच गये। इस घटना से पूर्व 28 दिनों तक सेलाकुई में किराये पर रहे। उ न्होंने ही माह जून में महाराष्ट्र सांगली में रिलायंस शोरूम में प्रिंस ने छोटू उर्फ प्रताप राणा व अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर डकैती की थी।घटना में प्रयोग की गई दोनों मोटर साइकिलों को अभियुक्त प्रिंस द्वारा कर्नाटक से फर्जी आधार कार्ड पर खरीदा गया था। अभियुक्त प्रिंस ने वर्ष 2019 में अपने अन्य साथियों के साथ मनीष सिंह उर्फ तेलिया को हाजीपुर कोर्ट में गोली मारकर हत्या का प्रयास किया गया था, उस घटना में बिहार पुलिस का एक कान्सटेबल भी गोली लगने से घायल हुआ था। जेल में बंद सुबोध के कहने पर ही उक्त घटना को अंजाम दिया गया था।

# जोशीमठ-औली रोपवे का संचालन शुरू किये जाने की क्षेत्रीय जनता ने उठाई आवाज



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के जोशीमठ में बीते जनवरी माह में हुए भूधंसाव के बाद से बंद जोशीमठ-औली रोपवे के संचालन को शुरू किये जाने की मांग को लेकर शनिवार को जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति की ओर से एक उप जिलाधिकारी जोशीमठ के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा गया है।
जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अतुल सती, अध्यक्ष शैलेंद्र पंवार और प्रवक्ता कमल रतूड़ी का कहना है कि बीते जनवरी माह में जोशीमठ में भूधंसाव, भवनों और जमीन पर दरारें आने के बाद विश्व प्रसिद्ध हिमक्रीड़ा स्थली औली को जोड़ने वाला रोपवे सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया गया था। इसके बाद से अभी तक इसका संचालन शुरू नहीं हो पाया, जिस कारण पर्यटकों को औली पहुंचने के सड़क मार्ग का सहारा लेना पड़ रहा है। उनका कहना है कि जहां सड़क मार्ग से दूरी लंबी होने के साथ ही बर्फबारी के दिनों में यहां से वाहनों की आवाजाही काफी मुश्किल भरी हो जाती है ऐसे में एक मात्र साधन रोपवे ही था। जो बंद पड़ा है।
उन्होंने कहा कि उन्हें आशा थी कि सरकार जल्द ही सुरक्षा मानकों की जांच करवा कर इसका संचालन शुरू करेगी लेकिन पूरा साल गुजरने को है और अभी तक इस दिशा में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाये गये है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की संस्था ब्रिडकुल की सहायता से इसकी जांच की जा सकती है लेकिन सरकार ने अभी तक ऐसा नहीं किया है।उनका यह भी कहना है कि रोपवे के संचालन बंद होने से स्थानीय युवाओं के रोजगार पर भी इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से सुरक्षा मानकों की जांच करवा कर रोपवे का संचालन शुरू किये जाने की मांग की है।
ज्ञापन देने वालों में संयोजक अतुल सती, अध्यक्ष शैलेंद्र पंवार, प्रवक्ता कमल रतूड़ी, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश रंजन भिलंगवाल, प्रेम लाल, भवानी, दिनेश उनियाल, पूर्व प्रमुख प्रकाश रावत, ठाकुर सिंह राणा आदि शामिल थे।

## राज्यपाल ने किया आर्ट फेस्टिवल में पुस्तक का लोकार्पण

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने शनिवार को मधुबन होटल में वैली ऑफ वर्ड्स, इंटरनेशनल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल के 7वें संस्करण का शुभारंभ किया।
इस दौरान राज्यपाल ने ट्रस्टी, नेशनल बुक ट्रस्ट ऑफ इंडिया डॉ. अनिता भटनागर की पुस्तक ‘गज्जू चलने लगा’ और आईएएस दंपति इवा आशीष श्रीवास्तव व डॉ. आशीष श्रीवास्तव की पुस्तक ‘एडमिनिस्ट्रेशन इन इंडिया’ सहित समारोह की स्मारिका का विमोचन किया। दो दिन तक चलने वाले इस फेस्टिवल में देश-विदेश के 100 साहित्यकार प्रतिभाग कर रहे हैं।

# आनलाइन शॉपिंग पर लगे प्रतिबंधः सेठी

**विरोध**

8 सुनील सेठी के नेतृत्व में व्यापारियों ने बस अड्डे के बाहर आनलाइन शॉपिंग का विरोध जताया।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी के नेतृत्व में व्यापारियों ने बस अड्डे के बाहर आनलाइन शॉपिंग का विरोध जताया। उन्होंने सरकार से आनलाइन शॉपिंग पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।
सेठी ने कहा कि आनलाइन शॉपिंग से दुकानदार व्यापारियों का उत्पीड़न हो रहा है, जो व्यापारी सभी तरह के टैक्स बिल चुका कर महंगी दुकान खोलकर व्यापार कर रहा है, आनलाइन शॉपिंग ने उसका व्यापार प्रभावित कर दिया है। आज स्थिति यह हो गई है कि आम दुकानदार सुबह से शाम तक खाली बैठा रहता है। सिर्फ बिजली के बिल अन्य टैक्स जमा कर घर से जमा पूंजी बर्बाद करने के अलावा कुछ दुकानदारों के पास कोई विकल्प नहीं है। जिसकी वजह से व्यापारियों में रोष है। आम व्यापारी दुकानदार भाइयो के भविष्य के हिसाब से अगर आनलाइन शॉपिंग पर प्रतिबंध न लगा तो वह दिन दूर नही जब दुकानें बंद होने की कगार पर होंगी।

# खेलों का जीवन पर होता है सकारात्मक असर : प्रवीण झा

**बॉल प्रतियोगिता**

8 प्रतियोगिता का फाइनल मैच बीएचईएल हरिद्वार तथा बीएचईएल भोपाल की टीमों के बीच खेला गया



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बीएचईएल स्पोर्ट्स क्लब, हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय बीएचईएल अन्तर इकाई शूटिंग बॉल प्रतियोगिता हो गई। इस प्रतियोगिता में बीएचईएल की विभिन्न इकाइयों की कुल 08 टीमों ने भाग लिया। सेक्टर-4 स्थित खेल परिसर में आयोजित समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीएचईएल हरिद्वार के कार्यपालक निदेशक प्रवीण चन्द्र झा और विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक (प्रभारी) सीएफएफपी वीके रायजादा थे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बीएचईएल हरिद्वार तथा बीएचईएल भोपाल की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें मेजबान हरिद्वार ने भोपाल को हराकर लगातार नवीं बार ट्राफी पर कब्जा किया।
इस अवसर पर विजेताओं को सम्मानित करते हुए प्रवीण चन्द्र झा ने कहा कि अन्तर इकाई प्रतियोगिताओं के माध्यम से अलग-अलग इकाइयों के खिलाड़ी कर्मचारियों को, एक-दूसरे के साथ अपने अनुभवों को साझा करने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि खेलों से हमें नई ऊर्जा मिलती है जिसका सकारात्मक असर, हमारे काम-काज के साथ-साथ हमारे जीवन पर भी पड़ता है।हरिद्वार टीम के विनीत कुमार पुंडीर को प्लेयर ऑफ द मैच तथा भोपाल टीम के आरके मुकाती को प्लेयर ऑफ द टूनामेंट का अवार्ड दिया गया। इस अवसर पर स्पोर्ट्स क्लब के संरक्षक आलोक कुमार, अध्यक्ष अजय कुमार एवं महासचिव अभिनव आशीष सहित कई महाप्रबंधक, वरिष्ठ अधिकारी तथा यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# विजय दिवसः अमर बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि, वीरांगनाओं को किया सम्मानित

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य की गौरवमयी वीरगाथा ‘विजय दिवस’ को चमोली जिले में धूमधाम से मनाया गया। जिला पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में 1971 युद्ध में भारत की विजय पर अमर बलिदानी सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस एवं एनसीसी के जवानों ने अमर शहीदों को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सलामी दी।
विजय दिवस समारोह में अपर जिलाधिकारी डॉ.अभिषेक त्रिपाठी, जिला स्तरीय अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों एवं पूर्व सैनिकों ने अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके बलिदान को नमन किया और वीरांगनाओं को



सम्मानित करते हुए देशवासियों को विजय दिवस की हार्दिक बधाई दी। इस दौरान जीआईसी और जीजीआईसी गोपेश्वर, सुबोध प्रेम विद्या मंदिर, कन्या विद्यालय नैग्वाड, आदर्श विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय गोपेश्वर और एनसीसी कैडेट्स ने देश भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुति दी।
अपर जिलाधिकारी ने कहा कि देश की आन-बान और शान की रक्षा के लिए समर्पित सेना के जवानों और शहीदों पर राष्ट्र के प्रत्येक नागरिक को गर्व है। आज का दिन हमें बलिदानियों के अदम्य साहस और बलिदान को स्मरण कराते हुए देश सेवा के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने सभी को अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए देश हित में अपना अहम योगदान देने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने बलिदानी सैनिकों की वीरांगनाओं, परिजनों एवं पूर्व सैनिकों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर एनसीसी के सीओ कर्नल आनंद कुमार बिश्नोई, जिला शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह रावत, जिला स्तरीय अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता, बलिदानी सैनिकों के परिजन, भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहे।

**चमोली जिले के 49 सैनिक हुए थे युद्ध में शामिल-**
जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल भास्कर बनर्जी (सेनि) ने कहा कि 1971 में इसी दिन भारत-पाक युद्ध में देश के वीर सैनिकों ने अदम्य शौर्य का परिचय देते हुए दुश्मन देश के 93 हजार से अधिक सैनिकों को आत्मसमर्पण करने को मजबूर कर दिया था। इस युद्ध में हमारे देश के 3843 सैनिकों ने बलिदान दिया था, जिसमें उत्तराखंड राज्य से 248 तथा जनपद चमोली से 49 सैनिकों शामिल थे।
वीर सैनिकों के अदम्य साहस और वीरता के लिए दो वीर चक्र और एक महावीर चक्र से सम्मानित किया गया।

# कार में आए लुटेरे पूरा एटीएम ही उठाकर ले गए, तलाश में जुटी पुलिस

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
बीती देर रात जिले के रुड़की में कार सवार बेखौफ लुटेरे एक एसबीआई का एटीएम उखाड़कर अपने साथ ले उड़े। एटीएम में लाखों की नकदी बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले और घटना की सूचना आलाधिकारियों को देते दी। पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी है।
रुड़की लक्सर मार्ग स्थित ढंढेरा नगर पंचायत स्थित शिव मंदिर के समीप एक एसबीआई का एटीएम है। जिसे निशाना बनाते




हुए शुक्रवार की देर रात कार में सवार होकर आए अज्ञात लुटेरे उखाड़ ले गए। घटना का पता सुबह उस समय लगा जब सुबह कुछ स्थानीय लोग घूमने निकले। इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई।
सूचना पर रुड़की सिविल लाइन कोतवाली प्रभारी आरके सकलानी मय टीम के मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी खंगाले तो पता चला लुटेरे स्कॉर्पियो कार से आए थे और बेखौफ होकर एटीएम को उखाड़ ले गए। बताया जा रहा है कि एटीएम में करीब 15 लाख की नकदी मौजूद थी। पुलिस लुटेरों की तलाश में जुट गई। लुटेरों ने एटीएम को गैस कटर से काटा और उठा ले गए।

